तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 24 दिसंबर 2024





12 देश सेवा करने वालों के लिए एनसीसी पहला कदम...





12 महतारी वंदन योजना के तहत सांसद सहित...




## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देते युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



**कांकेर**। नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर में चखना दुकान के बगल में लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बताए गए स्थल की घेराबंदी करना शुरू किया, घेराबंदी होते हुए देख शराब पीने वाले भाग गए। मौके से आरोपी नरहरपुर वार्ड क्रमांक 9 निवासी 30 वर्षीय दीपक साहू पिता जयप्रकाश साहू को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो नग डिस्पोजल, एक नग पानी पाउच, एक खाली शीशी बीयर बाटल एवं एक बीयर बाटल में अल्प मात्रा में बीयर शराब भरा हुआ मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी लगा किसान ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत घोड़ाबत्तर निवासी 50 वर्षीय हचिंद मंडावी ने 20 दिसंबर को खेत की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घोड़ाबत्तर निवासी धनेश मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक घर से गायब था। पता तलाश के दौरान उसका शव खेत की ओर साजा पेड़ पर फांसी में लटका हुआ मिला। मृतक ने आत्महत्या किस कारणो से किया है यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। कांकेर थानांतर्गत मुरडोंगरी निवासी 29 वर्षीय कन्तु मतलाम का ईलाज के दौरान 22 दिसंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पुलिया से गिरने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। बांदे थानांतर्गत पीव्ही 20 निवासी 44 वर्षीय प्रकाश गाईन का सड़क दुर्घटना में आई गंभीर चोट की वजह से मौत हो गया। पीव्ही 20 बैकुण्डपुर निवासी प्रणय गाईन ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने मोटर सायकल में सवार होकर पीव्ही 84 गया था। वापस आते समय 22 सितंबर को बांदे से पखांजुर जाने वाले मार्ग पीव्ही 79 पुलिया के नीचे मोटर सायकल समेत गिर जाने से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिपं और जनपद में आरक्षण प्रक्रिया 28 से

**कांकेर**। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए पंचायतों के पदाधिकारियों जिला पंचायत के सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन एवं आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 29 दिसम्बर को अपरान्ह 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में की जाएगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच पदों के प्रवर्गवार तथा महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन और आरक्षण की कार्यवाही संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में 28 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। इस दौरान जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गुकोंदल और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित अनुभाग अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायतों के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है।

पूछताछ : गिरफ्तार माओवादी की पत्नी राजे कांगे रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है


# सीनियर नक्सली लीडर प्रभाकर से पूछ-ताछ से अहम् राज के खुलासे होने की है संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कई शहरी नेटवर्क के चेहरों का खुलासा हो सकता है

जिला कांकेर की पुलिस को कांकेर के कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सात सालों तक आतंक मचाने वाला बालमूरी नारायण राव उर्फ प्रभाकर को 22 दिसंबर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार नक्सली शहरी नेटवर्क का प्रभारी रहा है। इसके संपर्क में शहरी नेटवर्क में कौन कौन रहा है, उसका भी राज खुल सकता है और कई शहरी नेटवर्क के चेहरों का खुलासा हो सकता है। गिरफ्तार नक्सली की पत्नी डीवीस सदस्य राजे कांगे अभी रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है।

भानुप्रतापपुर के एएसपी आईपीएस संदीप पटेल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव की गतिविधि जिला कांकेर क्षेत्र में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा तस्दीक किया जा रहा था। इसी दौरान 22 दिसंबर 2024 को जिला कांकेर के थाना अंतागढ़ क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी कार्यवाही में प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार नक्सली एसजेडसीएम रैंक का नक्सली है और उत्तर सब जोनल ब्यूरो में लॉजिस्टिक सप्लाई एवं एमओपीओएस टीम का इंचार्ज था। नक्सल संगठन में विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई अन्य राज्यों में गिरफ्तार शीर्ष नक्सली प्रभाकर राव के विरूद्ध दर्जनों अपराध पंजीबद्ध है। लॉजिस्टिक सप्लाई एवं लॉजिस्टिक इंचार्ज, ओड़िसा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ के शीर्ष माओवादी लीडरों का करीबी सहयोगी है।



गिरफ्तार नक्सली को भानुप्रतापपुर न्यायालय में पेश करने के लिए ले जाते हुए

### नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में बल मिलेगी

पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ जयप्रकाश बढ़ई के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना अंतागढ़ द्वारा उत्तर बस्तर क्षेत्र की माओवादी संगठन के एक महत्वपूर्ण कैडर की गिरफ्तारी किए जाने से क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय बढ़त प्राप्त होगी।



25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर पुलिस की गिरफ्त में माओवादियों ने लगाए पोस्टर

- पुलिस आज कर सकती है खुलासा, इलाज के लिए आया था जंगल से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर में 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसा दावा माओवादियों ने बैनर चस्पा कर किया है। नक्सलियों ने आधा दर्जन पोस्टर और बैनर लगाकर दावा किया है कि दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का मेंबर प्रभाकर पुलिस की गिरफ्त में है। अंतागढ़ से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर लगाए गए इस बैनर में उसे कोर्ट में पेश किए जाने की मांग की गई है। हालांकि पुलिस ने अब तक इस संबंध में अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बीती रात अंतागढ़ नगर से भानुप्रतापपुर ▶▶| शेष पेज 4 पर

कांकेर में कई सालों तक रहा सक्रिय

चारगांव खदान प्रारंभ होने के पहले तीन व्यक्तियों के अपहरण में नक्सली प्रभाकर का हाथ था। इन तीन व्यक्तियों में एक व्यक्ति स्थानीय ठेकेदार का इंजीनियर था। अंत में तीनों लोगों को छोड़ दिया गया था। ऐसी कई घटनाओं में प्रभाकर का नाम था। इसके पकड़े जाने के बाद कई ठेकेदार और अन्य कई संपर्क ▶▶| शेष पेज 4 पर

17 नवंबर की मुठभेड़ में आई थी चोट

इस मामले में यह बात भी सामने आई है कि नारायणपुर में 17 नवंबर की मुठभेड़ में प्रभाकर शामिल था और इसे चोट आई थी। यह इलाज के लिए राजनांदगांव गया था और वहां से इलाज करवाकर मोटर साईकिल से वापस जा

हरिभूमि के 23 दिसंबर के अंक में प्रकाशित समाचार

### 984 से नक्सल संगठन से जुड़ा

तेलांगना राज्य के जिला जगित्याल के गांव बीरपुर निवासी प्रभाकर वर्ष 1984 से नक्सल संगठन में पार्टी सदस्य के रूप में भर्ती हुआ। वर्ष 1984 वे 1994 तक अविभाजित राज्य आन्ध्रप्रदेश में, वर्ष 1995 से1997 तक बालाघाट क्षेत्र (मध्यप्रदेश) में, वर्ष 1998 से 2005 तक उत्तर बस्तर, कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय, वर्ष 2005 से 2007 डीकेएसजेडसी सप्लाई टीम एवं अर्बन नेटवक का कार्य, वर्ष 2007 से 2008 मानपुर-मोहला क्षेत्र में, वर्ष 2008 से आज तक डीकेएसजेडसी सप्लाई एवं मोबाईल पॉलेटिकल स्कूल का प्रभारी है।

### कांकेर में कई घटनाओं में रहा है संलिप्त

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली प्रभाकर वर्ष 1998 से 2005 तक उत्तर बस्तर, कोयलीबेड़ा में सक्रिया रहा है। इस दौरान कांकेर में कई घटनाओं में प्रभाकर का नाम शामिल रहा है। पुलिस जिले के प्रत्येक थानों से इसके द्वारा किए गए अपराध के आंकड़ो को एकत्र कर रही है, वहीं प्रदेश और दूसरे राज्यों में भी इसके खिलाफ कई अपराध दर्ज है। पुलिस रिमांड में मिलने के उपरांत पुलिस पूछताछ करेगी, तभी खुलासा हो पाएगा।

### सहयोग करने वालों की तैयार होगी सूची

गिरफ्तार माओवादी कांकेर जिले में कई साल तक सक्रिय रहा है, उस दौरान इसका सहयोग करने वालों की भी सूची पुलिस तैयार कर सकती है। शहरी नेटवर्क का प्रभारी होने के चलते शहर के कई लोगों से इसका संपर्क रहा होगा, पुलिस उस संपर्क को भी खोज निकालने का प्रयास करेगी। पुलिस इसके साथ संलिप्त व मदद करने वालों की सूची तैयार करेगी और जेल भी भेज सकती है। रिमांड मिलने पर पूछताछ के बाद पुलिस और भी तथ्यों का खुलासा कर सकती है।

## धान खरीदी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन किसानों ने रखी मांगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

धान खरीदी सुचारू रूप से नही होने के कारण किसान परेशान है। किसानो को आर्थिक व मानसिक परेशान का सामना करना पड़ रहा है। हो रही परेशानी के चलते क्षेत्र के किसानो ने एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा और उनके सामने अपनी मांगे रखी है। ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम भानुप्रतापपुर आस्था राजपुत को अवगत कराया कि प्रदेश शासन द्वारा 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ है, लेकिन धान खरीदी निरंतर न होने के कारण किसानों को अपनी फसल विक्रय करने में कई प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण किसान भाई मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान है। सभी किसान चाहते है कि धान खरीदी निरंतर हो। किसानो ने ज्ञापन सौपते हुए अपनी प्रमुख मांगे रखी कि धान खरीदी 3100 रूपएं किया जाए, टोकन व्यस्था को सुधारे, धान का उठाव तय सीमा में हो, लैम्प्स समितियों में संचालक बोर्ड का चुनाव हो, छूटे हुए किसानो के पंजीयन किया जाए, तरान्दूल, बांसला, भीरागांव, चिल्हाटी, चिचगांव में नवीन धान केन्द्र खोला जाए, केन्द्र द्वारा एमएसपी 117 रूपएं के हिसाब से 3 हजार 217 रूपएं दिया जाए, 21 क्विंटल की खरीदी पूरा किया जाए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की 4 किस्त भुगतान किया जाए, कृषक बीमा योजना लागू किया जाए, राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत भूमि समतलीकरण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## भीषण सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल, 4 साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/कोरर

चारामा थानांतर्गत ग्राम पुरी के पास बोलेरो पिकप और मोटर सायकल के बीच हुई भीषण सड़क हादसा में मोटर सायकल में सवार पति-पत्नी समेत उसके बच्चे को गंभीर चोट आया था। दुर्घटना में बच्चे की मौत हो गई। घायलो को चारामा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के उपरांत घायलों की हालत नाजुक होने के चलते हायर सेंटर रिफर किया गया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची रामपुर निवासी 30 वर्षीय अनीत राम मौर्य पिता बिरझू राम ने पुलिस को बताया कि मेरी छोटी बहन सुनिता का विवाह बालोद जिला के ग्राम पेटेचुवा निवासी अमित कुमेटी पिता सुपलाल कुमेटी के साथ हुआ है। अमित कुमेटी अपनी पत्नी सुनिता कुमेटी एवं बच्चों के साथ मेरे घर ग्राम रामपुर अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 ई 2959 में सवार होकर 22 दिसंबर को आ रहे थे। इसी दिन दोपहर को लगभग सवा 1 बजे ग्राम पुरी के देवकुंवर के घर के पास कोरर की ओर से आ रही सफेद





रंग की बोलेरो पिकप वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 1338 का चालक अपनी वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलते हुए मेरे दामाद अमित कुमेटी के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दामाद अमित कुमेटी एवं बहन सुनिता कुमेटी एवं उनके बच्चे मोटर सायकल सहित जमीन पर गिर गए। एक्सीडेंट से अमित कुमेटी, सुनिता कुमेटी एवं उनके बच्चों को काफी चोट आई थी। घटनास्थल पर मौजूद लोगो ने घायलो को चारामा अस्पताल में भर्ती कराया। चारामा अस्पताल में भर्ती करने की जानकारी मिलने पर मै तुरंत चारामा अस्पताल पहुंची तब देखी कि एक्सीडेंट से मेरे दामाद अमित कुमेटी, बहन सुनिता कुमेटी एवं बच्चों को ▶▶| शेष पेज 10 पर



## गृहमंत्री की संसद सदस्यता खत्म करने, सर्व समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के सर्व समाज ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गृह मंत्री की संसद सदस्यता समाप्त किया जाए। देश के 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य सभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 17 दिसंबर को संविधान पर चर्चा के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया है। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को मजाक बनाने एवं सदन में अपमान करने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह की संसद सदस्यता तत्काल सामाप्त करने का कष्ट करेगें, ताकि देश में सद्भाव बना रहें।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि देश के आजादी के बाद संविधान निर्माण के लिए 13 समिति एवं 7 सदस्यीय प्रारूप कमेटी ने अध्यक्ष के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नियुक्त किया गया, इन सबके अथक प्रयास से 295 अनुच्छेद 22 भाग और 12 अनुसूचियों वाला विश्व का वृहद संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में तैयार किया गया, जिसे 26 जनवरी 1950 को पूरे देश ने लागू किया गया। भारतीय संसद के 19 वीं कार्यकाल शीत कालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित था, जिसमें भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विपक्ष द्वारा मांग के आधार पर सदन संविधान पर चर्चा करवाया गया। 17 दिसंबर मंगलवार को राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर बोलते हुए कहा गया था कि आज कल अम्बेडकर का नाम फैशन बन गया है, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मवेशी परिवहन के दौरान एक लाख रुपए की उगाही, 8 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



मवेशियों का परिवहन करने के दौरान मारपीट करने व मिलीभग कर पैसे की उगाही करने वाले आठ लोगो को पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से नगद 43 हजार रूपएं, 6 नग मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त दो नग स्कूटी, दो नग कार, एक मोटर सायकल को जप्त किया गया।

बांगाबारी निवासी 19 वर्षीय विकेश निषाद पिता महेंद्र निषाद ने 22 दिसंबर को चौकी दुधावा थाना नरहरपुर शिकायत दर्ज कराया था कि 21 दिसंबर को उनके पिता महेन्द्र निषाद के द्वारा 6 नग बैल को बैल वाले व्यापारी बालोद जिला के ढोढरठेमा पेमन लाल पिता रूप लाल साहू से लिया था और मुसुरपुट्टा निवासी कवर लाल मरकाम ने 6 नग बैल को बैल बालोद जिला के पचेड़ा निवासी व्यापारी नेमचंद पिता भुनेश्वर से लिया था। लिए हुए मवेशी को विरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र जैन ने पैदल-पैदल चारामा थानांतर्गत ग्राम भोथा तक लाए जहां से मैं हमारे बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 2928 में एवं कवल लाल मरकाम के बोलेरो वाहन कमांक सी जी 19 बी आर 9398 में अपने अपने बैलों को डालकर ला रहे थे। भोथा से 21 दिसंबर की रात को निकले थे। तारसगांव, कुरना, ठेकुना रामपुर जुनवानी, बाबूसाल्हेटोला होते हुए अपने गांव बांगाबारी एवं मसुरपुट्टा आ रहे थे। तभी बाबू साल्हेटोला और बागोड़ के बीच में रात लगभग 1 बजें तीन मोटर बाईक एवं स्कूटी में सवार होकर 6 लोग आए और हमे रोककर पूछताछ करने लगे। बैल कहां से ला रहे हो कहते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। कुछ देर बाद एक स्लेटी रंग का कार में एक आदमी और आया और वह हीरा लाल को बोला कि अपने सेठ को जल्दी बुलाकर गाड़ीयो को छुड़ा लो। कुछ देर बाद फिर से एक लाल रंग का कार से दो लोग उतरे और उन्होने भी गाली देना शुरू कर दिया। महेंद्र निषाद के कहने पर विनोद साहू वहां पर आया और उन लोगो से बातचीत कर समझाने की कोशिश किया। महेन्द्र निषाद ने कवंर लाल मरकाम को फोन करके घटना के संबंध में बताकर वहां बुलाया। लगभग 3 बजे कवंर लाल मरकाम वहां पर पहुंचा। उसके बाद वे लोग पैसे का डील करने गले। दोनो गाड़ी का 70-70 हजार रूपएं का मांग करने लगे। निवेदन करने पर 55-55 हजार रूपएं में तय हुआ। उसके बाद नगद 28 हजार रूपएं योगेश टेकाम के हाथ में दिए और ऑनलाईन के माध्यम से 27 हजार रूपएं, 15 हजार रूपएं, 30 हजार रूपएं और 10 हजार रूपएं दिया गया। कुल 1 लाख 10 हजार रूपएं दिए तब दोनो गाड़ी को छोड़ा गया। आरोपी बागोड़ निवासी योगेश टेकाम ▶▶| शेष पेज 10 पर

30 दिसंबर तक अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी

# भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए रायशुमारी 25 एवं 26 रायपुर में की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा के संगठन चुनाव में मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद सोमवार 23 दिसंबर से से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और कांकेर में मशविरा के लिए 25 या 26 को बैठक हो सकती है। जिले के 16 मंडल में से 14 की घोषणा हो चुकी है और अब 2 मंडल अध्यक्ष का चुनाव नए अध्यक्ष के द्वारा करवाया जाएगा। जिलों में रहने वाले प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों से रायशुमारी करके सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष तय किया जाएगा।

कांकेर जिले के 16 में से 14 मंडल के अध्यक्ष का चुनाव हो गया और सभी स्थानों पर सर्वसम्मति से ही अध्यक्ष बनाए गए हैं। एक से दो स्थानों पर छिटपुट हो हल्ला हुआ, उसके अलावा सभी जगह शांति से मंडल अध्यक्ष चुनाव निपट गया। मंडल चुनाव के बाद अब जिला अध्यक्ष की प्रकिया सोमवार 23 दिसंबर से शुरूआत हो चुकी है और 30 दिसंबर तक अध्यक्ष भी तय हो जाएंगे। नए वर्ष में नए अध्यक्ष जिलों में रहने वाले प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों से रायशुमारी करके अपनी टीम को बनाएंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश संगठन ने अपने सभी 35 जिला संगठनों में नए अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। यहां पर एक नाम पर सहमति बनाकर सर्वसम्मति से





चुनाव होगा। कहीं भी मतदान की स्थिति आने ही नहीं दी जाएगी। भाजपा के संगठन चुनाव बीते माह से चल रहे हैं। सबसे पहले बूथ कमेटी का गठन किया गया। एक-एक बूथ में 25-25 सदस्यों की कमेटी बनी है। किसी भी बूथ में अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं कराया गया, सभी स्थानों पर सहमति से अध्यक्ष बने हैं।

इसके बाद मंडल अध्यक्षों का भी चुनाव लगातार सर्वसम्मति से हुआ। मंडलों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करने के बाद एक नाम पर सहमति बनाकर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। कांकेर में दो मंडल चारामा और भानुप्रतापपुर में अलग-अलग कारणों से अभी चुनाव नहीं हो पाएं।

### रायशुमारी कर बनेंगे जिलाध्यक्ष

कांकेर में 14 मंडल अध्यक्ष और एक मंडल जिला प्रतिनिधि को मिलाकर 28 मतदाता है। मतदान की स्थिति में इनको ही मतदान का अधिकार होगा, लेकिन संगठन किसी भी हाल में मतदान नहीं चाहता है। तीन-तीन नामों का पैनल बनेगा। इसके बाद जिलों में रहने वाले प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों से रायशुमारी करके एक नाम तय किया जाएगा और बचे दावेदारों को तय नाम पर सहमत कराया जाएगा।

### सामान्य होने की संभावना

सूत्रों की मानें तो कांकेर जिलाध्यक्ष को लेकर यह चर्चा है कि वर्तमान में अजाजा वर्ग से अध्यक्ष है, उसके पहले ओबीसी वर्ग से लगातार दो बार अध्यक्ष रहे। लंबे समय से सामान्य वर्ग को मौका नहीं मिला है। इस बार सामान्य वर्ग से अध्यक्ष बनने का मौका मिल सकता है।



## विधायक ने पंचायत को सौंपा टैंकर

**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहतर में विधायक सावित्री मनोज मंडावी के द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टेंकर प्रदान की गई। गांव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में पानी के लिए टैंकर की जरूरत पड़ती थी, टैकर मिलने से अब राहत मिल जाएगी। इस दौरान सरपंच बसंती बालेश्वर, जिला पंचायत सदस्य अमीता उइके, जनपद सदस्य मुकेश्वरी नरेटी, ढाल सिंग पात्र, कंवल दीवान व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास से ली प्रेरणा, दिया संदेश



**कोण्डागांव।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के कार्यक्रम अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा उपाध्यक्ष अविनाश भोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव के मार्गदर्शन में शहर के बंधा तालाब उद्यान में उल्लास चौपाल लगाया गया। उल्लास चौपाल में उपस्थित लोगों को जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव ने उल्लास केन्द्र व उनके कार्य की जानकारी दी और साक्षर भारत बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को उल्लास शपथ भी दिलाई। ग्राम पंचायत मसोरा में उल्लास शपथ दिलाया गया – इससे पूर्व विकासखण्ड कोण्डागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा के विद्यार्थियों ने साक्षरता रैली निकालकर शिक्षा का महत्व बताया और ग्राम पंचायत मसोरा में उल्लास शपथ दिलाया गया। साथ ही उल्लास नारे व आह्वान गीत तथा स्वच्छता व जल संरक्षण पर जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर से व्याख्याता हेमधर साहू बीएड तथा एचडब्ल्यूबी रेंजर लीडर परमेश्वरी साहू ने गीत, नारे व नृत्य से उल्लास–नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, उल्लास के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने में विशेष सहभागिता दी।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा के प्राचार्य व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द नायडू, बीपीओ साक्षरता कोण्डागांव उपस्थित रहे।

### क्रिसमस पूर्व चर्च और आसपास के क्षेत्रों में चलाया सफाई अभियान



**जगदलपुर।** सोमवार को नगर निगम स्वच्छता समिति के सभापति नरसिंह राव के निर्देश पर स्वच्छता अमला चर्च और आसपास क्षेत्रो की सफाई की। 25 दिसंबर को क्रिसमस को ध्यान में रखते गिरिजाघरों और उसके आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे, यशवर्धन राव, सुर्या पानी, शुभम यद्धु, नीलम यादव, समीर शाह, दामोदर, शक्ति वेल व अन्य मौजूद रहे।

### राज्य परिवहन निगम की बस सेवा फिर से प्रारम्भ करने की मांग


**जगदलपुर।** प्राइवेट बस संचालन में की जा रही मनमानी,यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार और अधिक यात्री भाड़ा से परेशान होकर राज्य परिवहन की बस फिर से चालु करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ सरकार से यह मांग की गई कि राज्य में पूर्व की भांति राज्य परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के शासन काल में परिवहन निगम की बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। प्रदेश में निजी बसों के संचालन से संचालकों द्वारा मनमानी किराया वसूला जाता है। शासन से प्राप्त छूट जो नागरिक 80 वर्ष से अधिक हैं, उनको एक सहयोगी के साथ शत प्रतिशत किराए में छूट का लाभ नहीं मिल रहा है,और उस छूट की मांग करने पर यात्रियों से दुर्व्यवहार किया जाता है। राज्य परिवहन की बसों के संचालन से निजी बस संचालकों की मनमानी पर अंकुश लग सकेगा।

# महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सक्षम हो रहीं महिलाएं : मंत्री केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के मुख्य अतिथ्य में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ केदार कश्यप के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा अर्चना कर किया गया। शबरी ऑडिटोरियम में आयोजित महतारी सम्मान कार्यक्रम में जनादेश परब के अवसर पर जिले के महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया गया तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती हितग्राहियों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के 46 हितग्राहियों को श्री कश्यप के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। योजना के अंतर्गत जिले के 52 हज़ार 200 माताओं बहनों को 10 किश्त में लगभग 48 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। इसी प्रकार कृषि विभाग के 10 हितग्राहियों को बीज वितरण, वनाधिकार प्रमाण पत्र वितरण और जाति प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

प्रभारी मंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य में माताओं-बहनों के आत्म सम्मान को बढ़ाने और स्वावलंबन के लिए यह महत्वपूर्ण योजना लाई गई है। जब हम माताओं-बहनों के खाते में राशि भेजते हैं, तो हमें गौरव की अनुभूति होती है। मुझे खुशी है कि सभी माता-बहनें अपनी मर्जी से इस राशि का उपयोग कर रही हैं। कहीं कोई बहन अपने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों, परिवार के पोषण और स्वास्थ्य के लिए इस राशि का उपयोग कर रही हैं, तो कहीं कोई माता अपने बच्चों की पढ़ाई में इसे खर्च कर रही हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही अनेक माताओं-बहनों ने इस राशि से स्वयं का व्यवसाय भी प्रारंभ किया है। आप सभी लोगों की भागीदारी के साथ प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी तरह से आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब वर्ग के लोगों को राहत मिल रही है।




कार्यक्रम में डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, संजय शुक्ला, नूपुर वैदिक, नुपुर वैदिक, पी. विजय, कोरसा सून्नू, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सुशासन पखवाड़ा अंतर्गत किसान सम्मेलन सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ

# मिट्टी परीक्षण और यंत्रों के रखरखाव को जनना कृषि में उन्नति का फार्मूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन का एक साल–छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल तहत कृषि संबंधी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं, कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का विगत एक वर्ष में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी आम कृषक एवं सामान्य जनमानस को अवगत कराने की उद्देश्य से आयोजित सुशासन पखवाड़ा में किसान सम्मेलन सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट अतिथि केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम की गरिमामय उपस्थिति में शनिवार को सामुदायिक भवन फरसगांव में किया गया।

मृदा नमूना जांच एवं यंत्रों के रखरखाव के बारे में जानकारी दी – कार्यक्रम के मुख्य रूप से कृषक उन्नति योजना, जिसके अंतर्गत 3100 रुपए 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी, क्रेडिट कार्ड इसके अलावा कार्यक्रम में उद्यान विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं सहकारिता विभाग के द्वारा अपने विभिन्न विभागीय योजनाओं की कृषकों को जानकारी दी गई। इसके अलावा कृषकों से समसामयिक विषयों परपरिचर्चा करते हुए विशेष रूप से उन्हें मृदा नमूना जांच एवं यंत्रें के रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई।





कृषकों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के छत्तीसगढ़ की जनमानस के लिए जारी संदेश विष्णु की पाती का वाचन एवं वितरण कृषकों को किया गया।

कृषि एवं संवर्गी विभाग के 500 से अधिक कृषक उपस्थित हुए – कार्यक्रम में विकासखंड फरसगांव के कृषि एवं संवर्गी विभाग के 500 से अधिक कृषक उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री टेकाम द्वारा अपने उद्बोधन में कृषकों को शासन की योजनाओं के बारे में बताते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आह्वान करते हुए अन्नदाता के रूप में कृषकों का आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष गणेश दुग्गा, जनपद पंचायत फरसगांव उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम द्वारा भी कृषकों को संबोधित किया। इस मौके पर जनपद सदस्य श्रीमति मंजूलता, पार्षद मानसाय निषाद, मूलचंद पांडे, श्रीमती शैल सेठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन,एवं मत्स्य पालन में उत्कृष्ट कृषकों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

उपस्थित रहे ये – कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम, योगेश कुमार देवांगन, मत्स्य निरीक्षक, श्रीमती प्रिया सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बोरगांव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सशक्त व आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने में महतारी वंदन योजना कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज कोण्डागांव जिले की महिलाओं के लिए आर्थिक मजबूती का प्रतीक बन गई है। इस योजना से जरूरतमंद महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। जिससे वे अपने परिवार की छोटी–बड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया है।





योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया – सातगांव की रहने वाली कलावती पाण्डे के जीवन में इस योजना ने बड़ा बदलाव लाया है। कलावती ने बताया कि उनका परिवार खेती–किसानी पर निर्भर है और उनका पति नहीं है। वे अपने ससुर और बच्चों के साथ रहती हैं। ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिल रही है। इस राशि का एक हिस्सा वे घरेलू खर्च में लगाती हैं और बाकी को बचत के रूप में रखती हैं, जो बच्चों के इलाज और अन्य जरूरतों में काम आता है। कलावती ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

एक हजार रुपये की राशि से उनके दैनिक जीवन में मदद मिल रही है – इसी प्रकार सातगांव की ही हलालिन बाई को भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना तहत मिल रही आर्थिक सहायता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार उनके जैसे कई जरूरतमंद महिलाओं के हित में सोच रही है। उन्हें हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि से उनके दैनिक जीवन में मदद मिल रही है। हलालिन ने कहा कि इस राशि से वे जरूरत के समय साड़ी खरीदने या अन्य घरेलू आवश्यकताओं को पूरा कर पाती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद दिया। महतारी वंदन योजना जिले की कई महिलाओं के लिए मुश्किल समय में एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन जैसी शासन की कई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक सशक्तता की ओर अपना कदम बढ़ा रही हैं।

# सुशासन के एक साल पूरे होने पर कई हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 के मध्य 1830 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुर्सी दौड़ एवं अन्य खेलों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें स्थानीय महिलाओं और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिधि, गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घरेलु हिंसा से महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून एवं प्रावधान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संक्षण के लिए प्रावधानों से भी जनसामान्य को अवगत कराया गया। सेक्टर स्तरीय आयोजनों में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

## नक्सलियों के सबसे बड़े 90 का फीट का स्मारक ध्वस्त

**जगदलपुर/बीजापुर।** माओवादियों द्वारा अब तक बनाए गए सबसे बड़े नक्सल स्मारक को फोर्स ने ब्लास्ट कर ध्वस्त कर दिया है। एक दिन पूर्व ही पामेड़ थाना क्षेत्र के वाटेवागु में फोर्स ने नया कैम्प खोला था जिसके बाद नक्सलियों के सबसे बड़े स्मॉरक को ध्वस्त कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक लगभग दो वर्ष पूर्व नक्सलियों ने 3 अगस्त 2021 को यहां 90 फीट उचां स्मॉरक व स्थायी मंच का निर्माण कराया था। यह स्मॉरक नक्सलियों के टॉप लीडर सेट्रल कमेटी मेंबर रामकृष्ण उर्फआरके की याद में बनाया गया था। जिस समय स्मॉरक का निर्माण कराया गया था उस दौरान 5 सौ से अधिक हथियारबंद नक्सलियों के अलावा हजारों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी थी। इसी पामेड़ इलाके में बने स्मारक को सुरक्षाबलों ने ब्लास्ट कर उड़ा दिया है। नक्सलियों के सबसे बड़े स्मारक को ध्वस्त करने के दोरान बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव एसटीएफ डीएसपी महन्त सिंग के अलावा डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 210 व 205, बीडीएस टीम के अलावा अन्य फोर्स के अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### दो राज्य के सरहदी इलाके में शीर्ष नक्सलियों की रहती है मौजूदगी

गौरतलब है कि पामेड़ थाना क्षेत्र के यह इलाका सुकमा व बीजापुर जिले के अलावा छग व तेलगांना राज्य का सरहदी इलाका है जहां शीर्ष नक्सलियों की उपस्थिति मौजूदगी देखी जाती रही है।

# आरक्षण में कटौती से पिछड़ा वर्ग समाज में आक्रोश

**कोण्डागांव।** पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में आरक्षण कटौती के खिलाफ छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कोंडागांव कलेक्टर के माध्यम से दिया गया, जिसमें आरक्षण नीति में सुधार की मांग की गई।

चार प्रमुख मांगें रखी गईं – आरक्षण बढ़ाने की मांग, समाज ने पंचायती राज अधिनियम के तहत आरक्षण 25ः से बढ़ाकर 50ः करने का प्रस्ताव पास होने के बावजूद इसे बस्तर और दुर्ग संभाग में लागू न करने पर नाराजगी जाहिर की। इससे ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में भारी कमी हो गई है। अधिकारियों को हटाने की मांग, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा को हटाने की मांग की गई। समाज का आरोप है कि उनकी कार्यशैली से पिछड़ा वर्ग और आम जनता में आक्रोश बढ़ रहा है।



मुआवजे की मांग, आंदोलन के दौरान मृत स्वर्गीय आशकरण पटेल के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की अपील की गई। लापरवाही पर कार्रवाई की मांग, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल की लापरवाही से वीणा गजेंद्र की मौत के मामले में न्यायिक जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

## पेज 09 के शेष

### धान खरीदी को...

तत्काल चालू किया जाए। संयुक्त किसान संघ द्वारा शासन से उक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की जाती है।

### भीषण सड़क दुर्घटना...

पैर, सिर, हाथ, शरीर के अन्य जगह पर गंभीर चोट लगा है। अमित कुमेटी एवं सुनिता कुमेटी को गंभीर चोट आने की वजह से हायर सेंटर रिफर किया गया। एक्सीडेंट में घायल चार वर्षिय टिंकल कुमेटी को गंभीर चोट के कारण मौत हो गया।

आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 1338 के चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने से दो लोगो को व टिंकल कुमेटी कि मौत होने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गृहमंत्री की संसद...

अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर.... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो 7 जन्मो तक स्वर्ग मिल जाता, इतना ही नहीं उन्होने संविधान निर्मात्री समिति के कुल सदस्यों को गिनती में बताया तथा तीन नामों का उल्लेख करते हुए अंतिम नाम उपेक्षा भाव से अम्बेडकर का लिया। गृहमंत्री अमित शाह का यह भाव स्वयं स्पष्ट है कि उनका भाव, बीजेपी का भाव, आरएसएस का भाव अम्बेडकर एवं संविधान के प्रति अत्यंत उपेक्षा का है। कुछ दिनों पहले भाजपा के मात्र संगठन के संघ प्रमुख मोहन भागवत का भी बयान आया था कि अब आरक्षण के समीक्षा की आवश्यकता है, अर्थात उनका संदेह भी आरक्षण, दलित एवं आदिवासी विरोधी हैं। संविधान पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह की ओर से भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का दिए गए विरोधी बयान से दलित आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा संविधान एवं अम्बेडकर के लिए श्रद्धा भाव रखने वाले एवं अनुयाईयों के मन है में काफी आक्रोश है, जिसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं तथा देश में अराजकता की स्थिति निर्मित न हो।

### मवेशी परिवहन के....

पिता सुरेन्द्र, बागोड़ निवासी धर्मेन्द्र मरकाम पिता सोना राम मरकाम, बागोड़ निवासी राम कुमार कुलदीप पिता देवेन्द्र कुलदीप, संजय नगर कांकेर निवासी असलम शेख पिता स्व. समशेर शेख, एमजी वार्ड कांकेर निवासी लोकेश कुमार कुंजाम पिता राम दयाल, बाबू साल्हेटोला निवासी भोज मंडावी पिता वासुदेव मंडावी, बाबू साल्हेटोला निवासी दिनेश कुमार खोब्रागढ़े पिता स्व. तेज राम खोब्रागढ़े और बागोड़ निवासी विनोद साहू पिता गौतम कुमार साहू के खिलाफ थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 438/24 धारा 126 (2), 296, 115 (2) 351 (2), 308 (2), 190, 191 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेवना में लिया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन पता तलाशी प्रारम्भ किया गया। तभी आरोपी विनोद साहू के द्वारा आरोपियो से मिली भगत कर उगाही किए हुए रूपएं का आरोपियो के खाता मे डलवाया गया। प्रकरण के आरोपियो की पता तलाश कर आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो से 43 हजार रूपएं नगद, 6 नग मोबाईलए एवं घटना में प्रयुक्त दो नग स्कूटी, दो नग कार, एक मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपियो को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना मे थाना प्रभारी मनीष नागर, उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण नामदेव, मप्रआर ज्योति साहू, हितेश्वरी चेलक, प्रआर सत्य प्रकाश, यवत सरोज, अनिल कुमार सलाम, हेमंत शोरी का अहम योगदान रहा।

# आंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने पर गृहमंत्री शाह का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ने सोमवार को कांग्रेस भवन के समक्ष हाथों में पोस्टर लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरोध में जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के दौरान शाह को संविधान विरोधी बताते डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बताया।

एक तरफ युवाओं की टोली नारेबाजी करते पुलिस को उलझाए रखा दूसरी तरफ कुछ युवा जो वाहन में पुतला को छुपाए रखा था, निकाला और तत्काल आग के हवाले कर दिया। पुलिस अधिकारी व आधा दर्जन महिला-पुरुष जवान पुतला पर पानी डालकर बुझाते तब तक पुतला पूरी तरह से आग के हवाले हो चुका था।

# खरीदी केन्द्र में किसान खुद तौल रहे धान धान खरीदी के लिए नहीं मिल रहे हैं हमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

वैसे तो बस्तर जिले में धान खरीदी व्यवस्थित ढंग से चल रही है, मगर कई जगहों पर दिक्कतें देखने में आ रही हैं। कहीं उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में जगह की तंगी हो गई है। वहीं एक खरीदी केंद्र ऐसा भी है, जहां किसानों को अपना धान खुद तौलना और बोरों में भरकर सिलाई करनी पड़ रही है।



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बकावंड में हमाल नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 3 दिन से लैंपस सोसायटी में काम करने हमाल नहीं पहुंच रहे हैं। किसानों ने बताया कि हमाल नहीं होने के कारण हमें स्वयं धान तौलाई और धान भरे बोरों की सिलाई का कार्य करना पड़ रहा है। किसान लालेंद्र बागड़े, गंगाधर कश्यप, ललित बघेल, चंद्र, धनिया, सुरजो, अनम, योगेश, मदन कश्यप, दया का कहना है कि इस खरीदी केंद्र में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं कर्मचारी

लैंपस अध्यक्ष इंदिरा बघेल ने कहा कि हमाल दो तीन दिन से काम पर नहीं आ रहे हैं। अगर किसान अपने धान तौल करते हैं तो उन्हें प्रति बोरा 15 रुपए की दर से उन्हें मेहनताना दिया जाएगा। लैंपस प्रबंधक फूलसिंह ने कहा कि दो दिन से हमाल ढूंढ रहा हूं, हमाल नहीं मिल रहे हैं। धान खरीदी प्रभारी श्रीकांत पांडे ने कहा कि हमाल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। अब तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। हमाल की व्यवस्था करने का काम प्रबंधक और अध्यक्ष का है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था से किसान खुश

**बीजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का महापर्व जारी है। बीजापुर में धान खरीदी हेतु संग्रहण केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था से किसान खुशहाल नजर आ रहे है। वहीं सुगमतापूर्वक धान बेचकर किसान अपनी-अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त कर रहे है। बीजापुर संग्रहण केन्द्र में जैतालूर के किसान गंगाधर ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा मोबाईल एप से सुगमतापूर्वक धान का टोकन कटवाया गया था। धान को लैम्प्स बीजापुर में आकर विक्रय किया यहां की सुविधाएं अच्छी है जिससे बिना किसी परेशानी के धान बिक्री हो गया। धान बिक्री के बाद दो दिनों में धान का पैसा खाते में आ गया। सही समय पर धान का पैसा मिलने से मेरा काम आसान हो गया। यह बहुत अच्छी व्यवस्था इस तरह किसानों को बिना परेशानी से उनके धान बेचने की व्यवस्था करने पर गंगाधर ठाकुर ने सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कांग्रेस ने किया चुनाव समिति का गठन

**सुकमा।** कांग्रेस ने जिले के दो नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। सुकमा नगर पालिका परिषद और दोरनापाल नगर पंचायत में अध्यक्ष व पार्षद उम्मीदवारों के चयन के लिए चुनाव समिति का गठन किया है। जिसमें दोनों निकायों के लिए अलग-अलग टीम तैयार की गई हैं। चुनाव समिति उम्मीदवारों के आवेदन को प्राप्त कर जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी जिसे जिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चयन हेतु भेजेगी। वर्तमान में दोनों निकायों में कांग्रेस की नगर सरकार है। प्रदेश में भाजपा की सरकार में होने की वजह से चुनौतियां कम नहीं हैं। ऐसे में प्रत्याशी चयन के मामले में किसी ठोस आधार पर ही नाम आगे बढ़ाया जाएगा। कांग्रेस कमेटी नगरीय निकाय चुनावों के लिए अभी से अपनी तैयारियों में जुट गई है। पूर्व मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा के नेतृत्व में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल ने अध्यक्ष व पार्षद उम्मीदवारों के चयन हेतु समिति बनाई गई जिसमें नगर पालिका परिषद सुकमा के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी को संयोजक बनाया गया है।

सुशासन : रेस्ट हाउस प्रांगण दोरनापाल

# क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा/कोंटा

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री छग शासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप सोमवार को रेस्ट हाउस प्रांगण दोरनापाल में लोकार्पण और

■ 203 विकास कार्यों में 38 करोड़ 46 लाख का भूमिपूजन और लोकार्पण



भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंत्री कश्यप ने क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। लोकार्पण के कुल 55 कार्यों में कुल राशि 1155.96 लाख रुपये और भूमि पूजन के कुल 148 कार्यों में कुल राशि 2690.76 लाख रुपये कुल मिलाकर 3846.72 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सुकमा जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ किया गया है। योजना के माध्यम से हम डायरेक्ट महिलाओं के खाते में नकद पैसा डाल रहे हैं। इससे महिलाएं अपनी आवश्यक जरूरतें पूरी कर रही हैं। छत्तीसगढ़ शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, वनाधिकार पत्र प्रदाय योजना के माध्यम से हम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में हर गांव और हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। हम बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र और शिक्षा संस्थानों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना सरकार की प्राथमिकता में है।

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप के द्वारा कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के हितग्राही को सब्जी-बीज वितरण, बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और तेंदूपत्ता के एक हितग्राही को 1 लाख 15 हज़ार 115 रुपये का प्रतिकात्मक रूप से चेक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, एएपी अभिषेक वर्मा, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, संजय शुक्ला, नुपुर वैदिक, पी. विजय, कोरसा सून्नू, अरूण सिंह भदौरिया, सोयम मूका, विकास मरकाम, अरुण सिंह भदौरिया, बलीराम नायक, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, कोसी ठाकुर, राधा नायक, पुष्पलता भदौरिया, प्रदीप शुक्ला, लीलाधर राठी, दिलीप पेद्दी, पोदिये मडकम, सोडी मंगली, सोडी मंगी, आर. मुरली सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महतारी वंदन के हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अध्यक्ष अभय एवं महासचिव आशीष पुनः निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

रविवार को भिलाई जिला दुर्ग में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय कार्यसमिति का त्रैवार्षिक निर्वाचन डॉ. संजय कुमार सिंह, महामंत्री राष्ट्रीय इंटक एवं प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ इंटक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश इंटक के पर्यवेक्षक संजय साहू व दुर्ग जिला इंटक अध्यक्ष पूरन वर्मा उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम विभिन्न शाखाओं के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा स्वागत करते हुए श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इसके पश्चात चुनाव अधिकारी वंश बहादुर सिंह द्वारा सम्पन्न करवाए गए निर्वाचन में सर्वसम्मति से मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन इंटक की केंद्रीय कार्य समिति के अध्यक्ष पद पर अभय कुमार सिंह एवं महासचिव पद पर आशीष यादव को पुनः निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर विनोद कश्यप, एके सिंह, तिलकराम मानकर,चंद्र कुमार मंडावी तथा राजेश कुमार सिंह तथा सचिव पद पर भूपेंद्र दिल्लीवार, सुरेश गुप्ता, चिन्नास्वामी, मन्नालाल मेश्राम, प्रवीण सहेजिया, कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद गुप्ता संगठन सचिव पद पर सुनील तालुकदार, राकेश लाल, प्रदीप गोलदार, संजय रावत एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर रसिया राम लहरे, गौतम वर्मा, राजेन्द्र सिंह, शैलेश रथ, ओम कुमार साहू, दिनेश कांत एवं संतोष घराना सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## आरके वारियर्स काकलूर ने जीता किलेपाल प्रीमियर लीग का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किलेपाल

किलेपाल हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में पूर्व विधायक राजमन बेंजाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरुस्कृत




उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन खेल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राजमन बेंजाम ने अपने संबोधन में कहा कि आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस टूर्नामेंट का निरंतर आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि किलेपाल प्रीमियर लीग को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि खेल प्रेमियों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिल सके।

समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी सुदृढ़ करते हैं। अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे टूर्नामेंट आयोजित होते रहेंगे।

## जिलास्तरीय युवा महोत्सव में 350 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिलास्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन पुराना कलेक्ट्रेट भवन में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, विश्वराज चौहान, संजय सोढ़ी, नूपुर वैदिक एवं विवेक यादव की उपस्थिति में किया गया। युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं के अंतर्गत विकासखंडस्तरीय खेल महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गई।



कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद को प्रेरणास्त्रोत मानकर सभी युवा अपने कठिन परिश्रम और लगन से अपना लक्ष्य हासिल करें। जीवन में पढ़-लिखकर आगे बढ़ें और क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करें। इसी तरह से जनप्रतिनिधि श्री विश्वराज चौहान, संजय सोढ़ी और श्री नूपुर वैदिक ने भी छात्रों को कठिन परिश्रम और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में सामूहिक लोकनृत्य में छिंदगढ़ विकासखंड से डेविड व साथियों ने बेहतर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से सामूहिक लोकगीत में नवोदय विद्यालय सुकमा, कविता में कु. श्रेया चांडक, चित्रकला में हिरमा मंडावी, कहानी लेखन में आकांक्षा चंद्रवंशी, विज्ञान मेला में सेजेस सुकमा, कृषि मेला में सेजेस सुकमा हिंदी, व्यक्तिगत लोकनृत्य में प्रियंका बट्टी, तात्कालिक भाषण में शिवानी परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा ट्राफी, प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दादा जोकाल, प्राचार्य सिदार, जिला खेल अधिकारी वीरुपाक्ष पौराणिक, सुश्री रेशमा परवीन, सुशील मरकाम, श्रीमती अनिता, दीपक, अनिल और नेहरु युवा केंद्र संगठन के सदस्य सहित शिक्षकगण और छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खेलों के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान सराहनीय: ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

भोपालपटनम विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय वरदली में भूमिसिरिया क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लगभग 12 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से फाईनल मैच ग्राम अर्जुनल्ली एवं वाडला टीमों के मध्य खेला गया। जहां ग्राम अर्जुनल्ली की टीम विजेता तो वहीं ग्राम वाडला की टीम उपविजेता रही।



उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण करते हुए दोनों टीमों को जीत की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए ताटी ने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह तथा लगाव बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह कराये जा रहे इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र के खेल प्रेमी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। अब युवा खुल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा की हम सब को मिलकर इन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र के युवा भी लगातार अभ्यास कर आगे बढ़ कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजन समिति द्वारा ग्रामीण महिलाओं का उत्साह वर्धन के लिए रस्सी खींच एवं मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। समिति द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को पुरुस्कार भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत वरदली के सरपंच अंतु तलाण्डी पूर्व सरपंच सुशीला तलाण्डी, सरपंच लिंगापुर मेकल संतोष, संजय मरपल्ली, वरिष्ठ शिक्षक मोरला किस्तैया, आयोजन समिति के अध्यक्ष महादेव तलाण्डी, कोराम शिवराम पटेल, राम कुमार मोरला, विजय दुर्गम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नोनी जोहार कार्यक्रम में बीजादूतीर स्वयंसेवक हुए शामिल




**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा संचालित बीजादूतीर से जुड़े पांच उत्साही स्वयंसेवकों ने रायपुर स्थित सायाजी होटल में लड़कियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा आयोजित दो दिवसीय नोनी जोहार 3.0 कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बीजादूतीर स्वयंसेवक निकिता करामी, सावित्री भास्कर,अंजू तेलाम, गोडे लक्ष्मी और आसमति कश्यप ने अपने अनुभव व प्रयासों को साझा किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, मानसिक सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था। स्वयंसेवकों ने बीजापुर जिले में चल रही विभिन्न गतिविधियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

## कैरोल गायन प्रतियोगिता में निर्मल विद्यालय के विद्यार्थी रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

क्रिसमस के अवसर पर एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर में इंटर स्कूल कैरोल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कैरोल गायन प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल, निर्मल विद्यालय, स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं दीप्ति कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मैथ्यू थॉमस, प्रकाश दीप्ती एवं अर्नेस्ट अब्राहम थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निर्मल विद्यालय, द्वितीय स्थान विद्या ज्योति स्कूल एवं तृतिय स्थान दीप्ति कान्वेंट स्कूल ने प्राप्त किया। वहीं स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभी विजेता बच्चों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं मेमेंटो से पुरस्कृत किया गया। एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने भी मनमोहक नृत्य, गायन, नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




## राजपूत क्षत्रिय महासभा का वार्षिक मिलन समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति जगदलपुर के तत्वावधान में वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का कार्यक्रम चित्रांश भवन जगदलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लता ठाकुर वीर गांव रायपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उप समिति के अध्यक्ष डॉ. वीएस राजपूत रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सचिव ठाकुर नोहर सिंह राजपूत के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी ने पारित किया। उप समिति के अध्यक्ष डॉ. बीएस राजपूत ने समाज के विकास और समाज की महत्व पर जानकारी देकर समाज के एकता पर बल दिया। इसके पश्चात उप समिति जगदलपुर के महिला मंडल अध्यक्ष सुषमा राजपूत के नेतृत्व में महिला मंडल एवं युवा मंडल के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता, शस्त्र तलवार बाजी, आखेट का आयोजन किया गया। अंत में प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के द्वारा पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार दिया गया साथ में समाज के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ठाकुर गोपाल सिंह राजपूत, केंद्रीय निर्णायक सदस्य ठाकुर राजेंद्र सिंह राजपूत, उप समिति के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पुरुषोत्तम सिंह बैस, प्रकाश चंद्र सिंह ठाकुर, लाखन सिंह राजपूत , शत्रुघ्न सिंह राजपूत, शिव सिंह राजपूत, मुकेश सिंह राजपूत, नुकेश सिंह राजपूत, योगेश गौतम, लव प्रताप सिंह राजपूत उपाध्यक्ष सुरेखा चंदेल, किरण ठाकुर कोषाध्यक्ष, रश्मि राजपूत, इंदू राजपूत, समेत अन्य उपस्थित रहे। संचालन सिद्धि राजपूत एवं सतीश ठाकुर के द्वारा किया गया।

## चुनाव के समय प्रलोभन के झांसे में न आए ग्रामीण

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक सह समाज विस्तारक कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोटानार का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता फैलाना और लोकतंत्र के महत्व को समझाना था। छात्र-छात्राओं ने गांव के 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्हें बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति के लिए मतदान करना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि उनकी जिम्मेदारी भी है। ग्रामीणों को चुनावों के दौरान मिलने वाले प्रलोभनों के प्रति सचेत किया गया। छात्रों ने बताया कि चुनाव के समय कई नेता जनता को लालच देकर उनका वोट प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, लेकिन एक जागरूक मतदाता को अपने विवेक से काम लेना चाहिए और ऐसे योग्य व शिक्षित व्यक्ति को चुनना चाहिए, जो गांव के विकास के लिए कार्य कर सके और उसकी समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचा सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को लोकतंत्र और मतदान के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। छात्रों ने जोर देकर कहा कि सही प्रतिनिधि का चुनाव ही गांव की उन्नति का आधार है। कार्यक्रम डॉ रानू मेश्राम, दिनेश दिवाकर और श्यामलाल नाग के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने कार्य किया।



## खबर संक्षेप

### जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश, धारा-144 लागू

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 19 दिसम्बर से 18 मार्च 2025 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए धारा-144 लागू कर दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी के लिए उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

### बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र

**जगदलपुर।** वायुमंडल में चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी- उत्तर तटीय तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश के निकट पहुंचने की सम्भावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ 70 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपीयू चन्द्रा के मुताबिक वायुमंडल में बने सिस्टमों के चलते मंगलवार को प्रदेश में न्युनतम तापमान में वृद्धि होने और मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। दक्षिण छत्तीसगढ में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन जारी रहने के कारण हल्के और निम्न स्तर के बादल रह सकते हैं। एक नया पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को 27 दिसम्बर को प्रभावित करने के कारण 27-28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा सम्भावित है।

### 25 क्विंटल धान जब्त प्रशासन सक्रिय

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है।

# देश सेवा करने वालों के लिए एनसीसी पहला कदम, शिविर से बढ़ता है हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी द्वारा नरहरदेव स्कूल में 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ हुआ, जिसमें कमांडेट कैडेट्स दस दिनों तक कैंप में रहकर सैनिक जीवन का दिनचर्या अनुशासन सीखेंगे और अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेंगे। देश सेवा करने वालों के लिए एनसीसी पहला कदम है, जिसमें जीवन के लिए जरूरी आत्म बल, शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने और नेतृत्वकर्ता के गुण सिखाए जाते हैं। आयोजित एनसीसी कैंप का शुभारंभ 21 दिसंबर को हुआ और समापन 30 दिसंबर को होगा। कैंप कमांडेट कर्नल सुरेंद्र फल्सवाल ने बताया कि कैंप में भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज कांकेर, शासकीय गैंदसिंह महाविद्यालय चारामा, शासकीय महाविद्यालय केशकाल, नरहरदेव स्कूल, गोविंदपुर स्कूल, नवोदय विद्यालय करप, एकलव्य विद्यालय अंतागढ़, पखांजूर, सरोना, कोरर, केशकाल, भानुप्रतापपुर, लखनपुरी, केंद्रीय विद्यालय कांकेर और राजनांदगांव के 528 कैडेट भाग ले रहे हैं। केशकाल कॉलेज से शामिल हुए गर्ल्स कैडेट करुणा, सरस्वती एवं पार्वती ने बताया कि यह उनका पहला कैंप है और काफी उत्साहित हैं। वे देश सेवा के लिए भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बल में भर्ती होना चाहते हैं। पीजी कॉलेज कांकेर के कैडेट राजकरण यादव ,चंद्रप्रकाश यादव, सीमा साहू,उजाला ने बताया कि कैंप करने के लिए अत्यंत उत्सुक हैं।

## छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

### मानसिक और आत्मबल का विकास



घर से दूर रहकर सैनिक जीवन का दिनचर्या अनुशासन सीखना फायदेमंद होगा। देश सेवा करने वालों के लिए एनसीसी पहला कदम है, जिसमें जीवन के लिए जरूरी आत्म बल, शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने और नेतृत्वकर्ता के गुण सिखाए जाते हैं। कैंप के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया साथ ही कहा कि एनसीसी के कैडेटों को शिविर के दौरान फौज की दिनचर्या में ढलने स्वस्थ रूटीन का पालन करने सिखाया जाता है। सुबह पीटी, ब्रेकफास्ट, ड्रिल, मैप रीडिंग और हथियार प्रशिक्षण की क्लासेस, फिर लंच, 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा, 4 बजे से फुटबॉल और वॉलीबॉल कंपीटिशन की तैयारी, रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करना शामिल है। कैंप के दौरान कैडेटों को मोटिवेट करना ताकि वे सशस्त्र सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सके। एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन का पालन करते हुए स्व – अनुशासित रहना, साफ-सफाई का ख्याल रखना, इधर - उधर कहीं भी कचरा नहीं फेंकना, साबुन से समय-समय पर हाथ धोना, खाना को बर्बाद नहीं करने की हिदायत दिया गया। कैंप में तृतीय दिवस हथियार प्रशिक्षण में फायरिंग के विभिन्न पोजिशन और अन्य हिदायते के बारे में बताया गया। केशकाल कॉलेज से एनसीसी किए कैलाश मंडावी का अग्निवीर थलसेना में चयन पश्चात ट्रेनिंग पूर्ण कर लिया, उन्होंने सेना में भर्ती एवं ट्रेनिंग का अनुभव बताया।

### मिला सहयोग

कैंप एडजुडेंट लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, ट्रेनिंग अफसर लेफ्टिनेंट श्याम लाल कुर्रे, कैंप क्वार्टर मास्टर हेमलाल साहू, प्रदीप कुमार सिंग,महेश कुमार घरत, सुनील ठाकुर, पंकज सेन, दुष्यंत सोनकर, भागीरथी नायक, भूपेंद्र सहारे, एके सिंह, कैंप सूबेदार कृष्णदेव, सीएचएम कार्तिक राम सिंह, हवलदार जितेश, हवलदार धीरज, नायक सुभाष, नायक दीपक और पी आई स्टॉफ तथा एनसीसी कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है।

**कार्यक्रम :** जिले के 1 लाख 85 हजार पात्र महिलाओं को प्रतिमाह लगभग 18 करोड़ की राशि हो रही अंतरित

# महतारी वंदन योजना के तहत सांसद सहित विधायक ने किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




राज्य शासन का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार कांकेर जिले की सभी तीनों विधानसभा के मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से लाभांवित महिलाओं का सम्मान किए जाने के लिए समारोह का आयोजन किया गया।

विधानसभा मुख्यालय अंतागढ में आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग तथा विधायक विक्रम उसेण्डी की उपस्थिति में महतारी वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी प्रकार जिला मुख्यालय कांकेर में न्यू कम्युनिटी हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक आशाराम नेताम, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से महतारी वंदन योजना से लाभांवित महिलाएं शामिल होकर अपने अनुभव भी साझा किया।



इसके तहत महिलाओं ने योजना से प्राप्त राशि का उपयोग स्वयं तथा परिवार के लिए किए जाने की बात कही तथा इस राशि को कठिन समय में प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक आशाराम नेताम ने इस योजना से लाभांवित महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा इस राशि का उपयोग स्वयं तथा परिवार के बेहतरी के लिए करने का आव्हान भी किया।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को इनसे लाभान्वित करने की अपील भी की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को बाल विवाह मुक्त तथा नशा मुक्त भारत के तहत शपथ भी दिलाई। जनपद अध्यक्ष ने भी महतारी वंदन योजना की प्रशंसा करते हुए इसे राज्य शासन द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही विशेष योजना का हिस्सा बताया। कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना से लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर आधार शिविर तथा इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक का शिविर भी लगाया गया था, जिसके माध्यम से हितग्राहियों ने स्वयं का आधार अपडेट कराया, 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आधार बनवाया गया तथा इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक में महतारी वंदन योजना का खाता भी खोला गया। इस दौरान महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को विष्णु की पाती का वितरण भी किया गया, जिसे पढ़कर महिलाओं ने प्रसंन्नता जाहिर की। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह लगभग 1.85 लाख महिलाओं को लाभांवित करते हुए उनके खातों में प्रतिमाह लगभग 18 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जा रही है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सहित पर्यवेक्षक तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहे।

# सरकारी क्वार्टर जर्जर कर्मचारी जान जोखिम में डाल कर निवास को मजबूर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के दल्ली रोड में स्थित आई टाइप शासकीय कर्मचारी निवास में निवासरत कर्मचारीयो का परिवार जान जोखिम में डालकर और गंदगी में रहने को मजबूर हैं। भवन में तहसील विभाग के कर्मचारी अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। उनका कहना है भवन जर्जर हो गया है, सेप्टिक टैंक फूट गए हैं और शौचालय भी जर्जर हो गया है, जो कभी भी गिर सकता है।

जर्जर भवन में रहने वालो ने बताया कि अब यहा रहने से डर बना रहता है। भवन के पीछे पानी निकासी के लिए नालियां नही है। काफी गंदगी फैली रहती है, जिससे संक्रमण होने की आशंका है। सारी व्यवस्थाएं हमें खुद करनी पड़ती है। बाउंड्री वॉल भी नहीं था। अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं जाली बांधकर काम चला रहे हैं। बरसात में पानी भर जाता है। पीडब्ल्यूडी विभाग को लिखित में कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। निवास भवन की देखरेख व मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्लूडी भानुप्रतापपुर कि है, जिसके अंतर्गत सालाना वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के लिए फंड जारी करके कार्य कराया जाता है और लाखों रुपएं का भुगतान भी होता है। इस स्थिति में समझना मुश्किल है की मरम्मत उक्त भवनों का क्यों नहीं कराया जा रहा। इन भवनों के आसपास गंदगी से पटा हुआ है, जिससे बदबू आती रहती है। सफाई नही होने से स्वच्छ भारत मिशन योजना के विपरीत दिखाई दे रहा है। नालियों कि सफाई नही होने से शासकीय निवास भवन के रहवासी नगर पंचायत से नाराज व्यक्त कर रहें है।

# 19 वां राज्य स्तरीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आगाज संबलपुर में हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

धर्मनगरी संबलपुर में राज्य स्तरीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का 19 वां वर्ष के उपलक्ष में धर्म जागृति सेवा समिति संबलपुर के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा डीजे एवं धूमल पार्टी के साथ निकाली गई। भक्तजन रास्तेभर डीजे एवं धूमल कि धून में थिरकते नजर आए।

कलश शोभायात्रा सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण से निकाली गई, जो शीतला मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां शोभायात्रा में आए सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी रखा गया था। शिव पार्वती मंदिर सराईपारा से श्रीराम चौक होते हुए, वापस सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण पहुंचा। रास्ते भर बिस्कुट केले एवं अन्य महाप्रसादी धर्म जागृति सेवा समिति के द्वारा बांटे गए। वापस कलश शोभयात्रा राज्य स्तरीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन पंडाल पहुंची, जहां पर मंच में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। कार्यक्रम के दौरान धर्म जागृति एवं समिति के अध्यक्ष कृष्णा टेकाम, सरपंच संबलपुर अनिता रावटे, मनीषा निशांत ठाकुर, अमृत संचेती, मोहन लाल ठाकुर, रामदयाल यादव, गजानन ठाकुर, केशव यादव, राकेश तिवारी, बलराम भोयर, कैलाश भुआर्य, रमेश सोनगेड, विपिन बिहारी मिश्रा, एके पांडा, जितेन्द्र ठाकुर, विजय टाटिया, महिला समुह एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# चारामा की माताओं ने जनादेश परब का किया स्वागत, खुशियां मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के तहत महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को ग्राम पंचायत और विकासखंड स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती सभी लाभार्थी महिलाओं को भेजा गया, जिसे पाकर महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री ने विष्णु की पाती के माध्यम से महिलाओं के साथ अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि माताओं और बहनों की खुशहाली ही छत्तीसगढ़ महतारी की खुशहाली है। महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह आपके भाई की ओर से सादर उपहार है। खुशी जाहिर करते हुए ग्राम जेपरा निवासी सुहान मंडावी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह संदेश हमारे लिए एक स्नेह भरा उपहार है। इसी प्रकार देवबती धनेलिया ने बताया कि पति के गुजर जाने के बाद से वह विधवा पेंशन और महतारी वंदन योजना की राशि से अपने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। विष्णु की पाती पाकर ऐसा लगा जैसे मेरे भाई ने मेरी चिंता करते हुए मुझे पत्र लिखा हो, यह मेरे लिए बहुत खास है। टेमिन सिन्हा, सुशीला सिन्हा, कुमारी बाई और गेंदी बाई ने विष्णु की पाती प्राप्त कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त किया। सभी ने मुख्यमंत्री के इस स्नेह भरे संदेश के लिए आभार प्रकट किया और इसे उनके प्रति सरकार के जुड़ाव और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि जनादेश परब ने राज्यभर की महिलाओं के दिलों में उत्साह और सम्मान की भावना पैदा की है, जो छत्तीसगढ़ सरकार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

# पीजी कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। काग्रक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रतुति देते हुए सभी मन मोह लिया। आए हुए अथितियों व दर्शको ने ताली बजाकर प्रतिभागियों का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सभी गांव से पढ़कर महाविद्यालय में आए है, आप अपने जीवन को उच्च स्तर पर ले जाने का एवं इस क्षेत्र व राज्य के विकास के लिए अच्छा कार्य करने का प्रयास करें । शिक्षकगण के मार्गदर्शन में चल कर अपने माता-पिता के विश्वास पर खरा उतरे। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ महाविद्यालय के अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनसीसी, एनएसएस में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जीवन में बढ़ा लक्ष्य बनाकर इस क्षेत्र से भी देश के उचें पदों पर पहुचने की आवश्यकता हैं। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने कहा कि पीजी कॉलेज जिले का सबसे बड़ा एवं अग्रणी महाविद्यालय है। महाविद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन छात्र-छात्राओं को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक अच्छा अवसर है। जिस प्रकार मानव शरीर विभिन्न अंगों से मिलकर बना हुआ है। उसी प्रकार यह महाविद्यालय लगभग 3000 विद्यार्थी 110 अधिकारी कर्मचारी से बना है। जो निरंतर इस महाविद्यालय के विकास के लिए प्रयासरत है।

महाविद्यालय कम संसाधनों में भी आज जिले में उचाई पर है। महाविद्यालय की कुछ आवश्यक सुविधाएं जैसे अतिक्ति कक्ष, डोम, ऑडिटोरियम को अतिथियों के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष देवेन्द्र भाउ ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्र-छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए अपनी कला व हुनर को बेहतर करना चाहिए। कैरियर का निर्माण का असली शुरूआत महाविद्यालय से होता हैं। छात्र-छात्राओं को शासकीय नौकरी के अलावा भी अन्य क्षेत्रों में भी अपने कैरियर को तलाशने की बात कही।

छात्र-छात्र संघ के प्रभारी डॉ.व्हीके रामटेके ने अतिथि के समक्ष महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का पाठन किया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन में कुल 34 कार्यक्रम एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, युगल गायन, युगल नृत्य विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं प्रस्तुति में सांस्कृतिक झलकिया देखने को मिला । छात्र-छात्राओ अपनी सांस्कृति कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति दे कर समा बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजीव लोचन सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश रजक, लक्ष्मी कौशिक विभागाध्यक्ष भूगोल डॉ. डीएल पटेल व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पैराडाइज स्कूल में शीतकालीन शिक्षक प्रशिक्षण में शिक्षाविद् पूनम ने दिया मोटिवेशन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में महराष्ट्र के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् अकादमिक काउंसलर टीचर टेनर एवं साइकोलॉजिस्ट पूनम बोरकर द्वारा एक दिवसीय मोटिवेशन प्रशिक्षण सहः सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, टाइप ऑफ टेक्नोलॉजी, क्लास मैनेजमेंट, शिक्षा विधि के प्रकार एवं सहयोगपूर्ण सीखने के विषय में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा हॉलिस्टिक डेवेलपमेंट, हाईबेस्ट लर्निंग, विजुअल बेस्ट लर्निंग आदि विषयों पर वर्कशॉप आयोजित किया गया। शिक्षक प्रशिक्षण में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के फाउंडेशन क्लास के शिक्षकों को विशेष रूप सें प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें छोटे बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक तथा चारित्रिक विकास के लिए के लिए शिक्षक का शिक्षण एवं प्रशिक्षण महत्वपूर्ण होता है इस बात पर जोर दिया गया। छोटी-छोटी अच्छी आदतों को भी बच्चों को सिखाने में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता हैं। उच्च चरित्र निर्माण के लिए शिक्षक की भूमिका पर चर्चा इस सेमिनार में की गई। इस कार्यशाला में शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया कि छात्र, पालक एवं शिक्षक के बीच गहन समन्वय एवं परामर्श के साथ-साथ शिक्षक के सत्त प्रयासों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। शिक्षण प्रशिक्षण को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनमजीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम,एस. मरसी, रीया सोनी, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, रूमा मजूमदार, तुलसी निषाद, रामेश्वरी साहू, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेंकेटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, निधि साहू, रविशंकर पटेल, प्रियंका श्रीवास्तव, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, अभिनव सिंह, गीता नरेटी आदि शिक्षकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

